मनोज कुमार गुप्ता स्त्री अध्ययन विषय में सीबीएसई-नेट परीक्षा उत्तीर्ण

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के स्त्री अध्ययन विभाग में अध्ययनरत पीएच.डी. शोधार्थी मनोज कुमार गुप्ता ने दिसंबर 2014 को सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में सफलता हासिल की। इसी सत्र में शोधार्थी को सीडब्ल्यूडीएस-आईसीएसएसआर डॉक्टोरल रिसर्च फ़ेलोशिप भी स्वीकृत हुई है। शोधार्थी की सफलता पर विभाग की प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सुप्रिया पाठक, प्रोफ़ेसर शंभु गुप्त तथा सहायक प्रोफ़ेसर अवंतिका शुक्ला ने बहुत-बहुत बधाई दी है। इस सफलता पर मित्रों ने भी बधाई संप्रेषित किया है। मनोज ने इस दोहरी सफलता का श्रेय माता-पिता, बड़े भाई, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा मित्रों को दिया है।